**कृषि विभाग**

**कार्यालय–जिला मिट्टी जाँच प्रयोगशाला, जमुई ।**

**ग्रामीण युवाओं को स्व–रोजगार का सुअवसर**

बिहार सरकार

## ग्राम स्तरीय मिट्टी जाँच प्रयोगशाला (VLSTL) की स्थापना

**जमुई जिले अंतर्गत प्रत्येक प्रखंड में एक–एक कुल–10 ग्राम स्तरीय मिट्टी जाँच प्रयोगशाला (मिनी लैब) की स्थापना करने हेतु विज्ञापन ।**

**1. उद्धेश्यः–**

1.राज्य में मिट्टी के स्वास्थ्य को अक्षुण्ण रखते हुए फसलों की उत्पादकता को प्रोत्साहित करने एवं संतुलित मात्रा में आवश्यकता उर्वरकों का प्रयोग करते हुए फसलवार लक्षित उपज के अनुसार उर्वरकों की अनुशंसा तैयार करने के उद्धेश्य से सरकार द्वारा कृषकों के खेतों की मिट्टी नमूनों की जॉच कर मृदा स्वास्थ्य कार्ड उपलब्ध कराना है।

2. मिट्टी जॉच आधारित पोषक तत्वों/मृदा सुधारक के उपयोग को प्रेत्साहित करते हुए मिट्टी को स्वस्थ रखना ।

3. ग्राम स्तरीय मिट्टी जॉच प्रयोगशाला की स्थापना करते हुए कृषकों को उनके ग्राम में मिट्टी जॉच की सुविधा उपलब्ध कराना तथा बेरोजगार शिक्षित युवाओं को स्वरोजगार का अवसर प्रदान करना ।

**2.आवेदक लाभार्थी की योग्यताः–**

1.लाभार्थी/ग्राम स्तरीय प्रयोगशाला का उद्यमी युवा होना चाहिए जिसकी आयु विज्ञापन के वर्ष की 01 जनवरी को 18 वर्ष से कम तथा 27 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए। SHGs, FPOs, PACs को भी VLSTL के रूप में नामांकित किया जा सकता है। इन समूहों के नामांकन की पात्रता (Eligibility) DLEC द्वारा तय की जाएगी। उक्त किसी भी प्रकार के समूहों के मुख्य आवेदक पर उक्त शर्तें यथावत लागू होगी ।

2 लाभार्थी उद्यामी को विज्ञान संकाय के साथ 10वीं पास तथा कम्प्यूटर का ज्ञान होना चाहिए।

3. आवेदक उद्यमी को अपेक्षित योग्यता प्रमाण पत्र, पैन कार्ड, आधार कार्ड की छाया प्रति के साथ आवेदन संबंधित जिला मिट्टी जाँच प्रयोगशाला, जमुई कार्यालय में जमा करना होगा ।

4. आवेदक/उद्यमी समूह के पास अपना स्वयं का परिसर अथवा कम से कम चार वर्षों के लीज समझौते के साथ किराये का भवन होना चाहिए।

**3.आवेदन जमा करने की प्रक्रियाः–**

1. आवेदक जिला मिट्टी जाँच प्रयोगशाला, जमुई के कार्यालय में आवेदन जमा करेगें आवेदन निर्धारित प्रपत्र मे ही सर्मपित किया जायेगा। निर्धारित प्रपत्र इस विज्ञापन के साथ दिया गया है।

2. आवेदन के साथ संलग्न स्वअभिप्रमाणित कागजात यर्थात (मैट्रिक) उत्तीर्ण होने का अंक पत्र एवं प्रमाण पत्र, कम्प्युटर की जानकारी संबंधि प्रमाण पत्र, अन्य शैक्षणिक योग्यता संबंधित प्रमाण पत्र, पैन कार्ड, आधार कार्ड, बैंक पासबुक की छाया प्रति, यदि किराये पर भवन लिया गया है तो किरायानामा, यदि निजी भवन है तो उससे संबंधित साक्ष्य की प्रति, यदि संस्था/ग्रुप के नाम से आवेदन दिया जाता है तो संस्था/ग्रुप का पंजीकरण की संख्या/ग्रुप के सचिव/संयोजक/निदेशक द्वारा स्वप्रमाणित प्रति एवं आवेदक को प्राधिकृत करने संबंधि प्रधिकार पत्र की मूल प्रति आवेदन के साथ जमा करने होगें।

3. ग्राम स्तरीय मिट्टी परीक्षण प्रयोगशलाओ का मृदा स्वास्थ्य कार्ड योजना के कार्यो के लिए सेवा ली जायेगी। इस सेवा के विरूद्ध इन प्रयोगशालाओ को सरकार द्वारा निर्धारित दर से राशि का भुगतान किया जायेगा।

**4. आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथिः–** इच्छुक लाभार्थी निर्धारित प्रपत्र मे आवेदन अपने शैक्षणिक प्रमाण पत्र, पैन कार्ड, अधार कार्ड एवं उपरोक्त वर्णीत सभी दस्तावेज के साथ दिनांक 08 जनवरी 2026 तक जिला मिट्टी जाँच प्रयोगशाला, जमुई के कार्यालय में जमा करेगे।

**5.वित्तीय सहायता :–**

1.भारत सरकार के द्वारा ग्राम स्तरीय मिट्टी जॉच प्रयोगशाला की स्थापना के लिए एक मुश्त 1.50 लाख रूपये अनुदान के रूप में लाभुक को भुगतान करने का प्रावधान किया गया है। परियोजना के विभिन्न मदो में प्रस्तावित लागत के अनुसार घटकवार अनुदान का वित्तीय विवरणः–

| Sr. | Item | Cost (RS.in Lakh) |
|---|---|---|
| 1 | Soil Testing machinery with reagents & Sample Shaker Machine and AMC for one year | 1.00 |
| 2 | Distilled Water, pH meter, Conductivity meter, Electronic balance, Glass-ware, Filter-papers and one need based lab consumables. | 0.50 |
| | **Total** | 1.50 |

2. लाभुक को अनुदान की राशि की प्राप्ति की तिथि से कम से कम 04 वर्षों तक प्रयोगशाला का संचालन किया जाना अनिवार्य है अन्यथा उनसे अनुदान राशि की वसूली कर ली जाएगी।

**नोट :–विशेष जानकारी जिला में अवस्थित जिला मिट्टी जॉच प्रयोगशाला, जमुई/जिला कृषि कार्यालय, जमुई, संयुक्त कृषि भवन, पुलिस लाईन के समीप, मलयपुर, जमुई (बिहार) से प्राप्त किया जा सकता है।**

**लाभार्थी का चयन शैक्षणिक योग्यता के अधार पर किया जायेगा।**

**कार्यालय–जिला मिट्टी जॉच प्रयोगशाला, जमुई ।**

## जमुई जिले मे ग्राम स्तरीय मिट्टी जाँच प्रयोगशाला हेतु आवेदन पत्र

**अनुलग्नक –1 (आवेदन का प्रारूप)**

Photograph

1. जिला का नाम :–
2. आवेदक का नाम :–
(यदि संस्थां/ग्रुप के नाम से आवेदन दिया जा रहा है तो संस्था/ग्रुप द्वारा प्राधिकृत व्यक्ति का नाम ) :–
3. यदि किसी संस्था/ ग्रुप के द्वारा आवेदन दिया जा रहा है तो संस्था / ग्रुप का नाम :–
4. जन्म तिथिः–
5. आवेदक का पिता का नाम :–
6. आवेदक का पुर्ण पता :– ग्रा0.............................................. पो0....................................................
थाना............................ प्रखण्ड................................ जिला...................................... पिन कोड........................
7. आवेदक का कोटि :– सामान्य / अनु0 जाति/ अनु0 जन जाति/महिला
8. आवेदक का बैंक खाता संबंधित ब्यौराः– बैंक का नाम ...........................................................................IFSC कोड.................................... खाता सं0:–........................................... अधार कार्ड संख्या............................................
9. संपर्क सूचनाः– मो0 सं0:–.................................................................. दुरभाष सं0:–.............................................................
ई0 मेल पता :–.........................
10. परियोजना का प्रस्तावित स्थल (पुर्ण पता खाता एवं खेसरा के साथ):– .
(निजी भवन/पंचायत भवन/पं0 सरकार भवन/ई0 किसान भवन/सामुदायिक भवन आदि)
11. प्रस्तावित कार्य क्षेत्र :– प्रखंडः–.......................................................... जिलाः–..................................................
12. आवेदक की शैक्षणिक योग्यताः–

| क्रम | शैक्षणिक योग्यता | उतीर्णता वर्ष | प्राप्तांक | %अंक | विषय |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | मैट्रिक साईंस के साथ उतीर्ण | | | | |
| 2 | इंटर | | | | |
| 3 | स्नातक | | | | |
| 4 | अन्यान्य उच्चतर योग्यता | | | | |

13. परियोजना के विभिन्न मदों में प्रस्तावित लागत के अनुसार घटकवार वितीय सहायता की आवश्यकता

| Sr. | Item | Cost (RS.in Lakh) |
|---|---|---|
| 1 | Soil Testing machinery with reagents & Sample Shaker Machine and AMC for one year | 1.00 |
| 2 | Distilled Water, pH meter, Conductivity meter, Electronic balance, Glass-ware, Filter-papers and one need based lab consumables. | 0.50 |
| | **Total** | 1.50 |

14. यदि संस्था/ ग्रुप के नाम से आवेदन दिया जाता है तो संस्था/ग्रुप का पंजीकरण की संस्था/ग्रुप के सचिव/संयोजक/निदेशक द्वारा स्वाप्रमाणित प्रति एवं आवेदक को प्रधिकृत करने संबंधी प्रधिकार पत्र की मूल प्रति आवेदन के साथ संलग्न करें ।

**घोषणा** :– मै एतद द्वारा घोषित करता/करती हूँ कि :–

1. उपरोक्त आवेदन मे मेरे द्वारा दी गई जानकारी सही है।
2. मै परियोजना के स्वीकृत होने के पश्चात कम–से–कम चार वर्षो तक इस परियोजना का निर्धारित क्षेत्र मे संचालन करूँगा/करूँगी।
3. मै अपने निजी अथवा किराया/लीज के भवन का किराया के दावा की मॉग राज्य सरकार/केन्द्र सरकार से नही करूँगा/करूँगी।
4.स्वीकृति पत्र प्राप्त होने के 15 (पन्द्रह) दिनो के अंदर कॉलम 13 की विवरणी के अनुसार सभी सामग्रियों का क्रय कर लुँगा।

**आवेदक का हस्ताक्षर**

**(यदि संस्था/ग्रुप के आवेदक है तो संस्था/ ग्रुप का मुहर )**

दिनांक :

स्थान :

**PR- 020235 ( Agriculture ) 2025-26**

**नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।**